## उत्तरांचल अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2005

(उत्तरांचल विधेयक संख्या 02 सन् 2005)

उत्तरांचल अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 2003 में अग्रेतर संशोधन के लिए : –

विधेयक

भारत गणराज्य के पचपनवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है : –

**1. संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और विस्तार**

(1) यह अधिनियम उत्तरांचल अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2005 कहलाएगा।

(2) यह सम्पूर्ण उत्तरांचल में लागू होगा।

(3) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

**2. मूल अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (3) का संशोधन**

मूल अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (3) में निम्नवत संशोधन कर दिया जाएगा : –

शब्द 'दो सदस्य' के स्थान पर शब्द 'ग्यारह सदस्य' रख दिए जाएंगे।

C:\Documents and Settings\Acer OEM User\My Documents\Pandey\Act.doc